ईंधन आपूर्ति (फ्यूल सप्लाई)

विक्टोरिया में ईंधन आपूर्ति स्थिर बनी हुई है और सामान्य मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त ईंधन उपलब्ध है।

बढ़ी हुई मांग या आपूर्ति श्रृंखला (सप्लाई चेन) के दबाव के कारण कुछ क्षेत्रों में अस्थायी व्यवधान हो सकते हैं। सरकार और उद्योग सक्रिय रूप से स्थिति पर नज़र रखे हुए हैं।

आपको क्या करना चाहिए

- केवल उतना ही ईंधन खरीदें जितनी आपको सामान्यतः आवश्यकता है।
- पहले से योजना बनाएं और लंबी यात्राओं से पहले टंकी भरवाएं, विशेष रूप से यदि आप काम या आवश्यक यात्रा के लिए ईंधन पर निर्भर रहते/ती हैं तो।
- यदि परिस्थितियां बदलती हैं तो अपडेट के लिए यह पेज़ देखें।

विक्टोरियावासी किस प्रकार सहायता कर सकते हैं

हम जानते हैं कि बहुत से लोग ईंधन की कीमतों और उपलब्धता को लेकर चिंतित हैं। सरल कदम यह सुनिश्चित करने में मदद कर सकते हैं कि ईंधन सभी के लिए उपलब्ध रहे।

पहले से योजना बनाएं

- केवल उतना ही खरीदें जितनी आपको सामान्यतः आवश्यकता है, ताकि किसी को भी बिना ईंधन के न रहना पड़े।
- कहीं जाने से पहले टंकी भरवाएं, विशेष रूप से यदि आप काम, स्कूल या यात्रा के लिए ईंधन पर निर्भर हैं तो।

जाने से पहले कीमतें जांचें

- अपने नजदीक ईंधन की कीमतें जांचने के लिए Service Victoria ऐप में Servo Saver का उपयोग करें।
- आप यह देख सकते/ती हैं कि ईंधन सबसे सस्ता कहाँ है और उस हिसाब से टंकी भरवाने की योजना बना सकते/ती हैं।

सर्विस स्टेशन पर विनम्र बने रहें

- सर्विस स्टेशन के कर्मचारी व्यस्त और तनावपूर्ण समय में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं।
- कृपया सर्विस स्टेशन के कर्मचारियों के साथ धैर्य और सम्मान के साथ व्यवहार करें, जैसा आप अपने खुद के कार्यस्थल पर अपेक्षा करते/ती हैं।

ईंधन का प्रयोग तथा संभाल करते समय और इसे संग्रहीत करते समय सुरक्षित रहें

यदि आपको ईंधन का प्रयोग तथा संभाल करने, इसका परिवहन करने या इसे संग्रहीत करने की आवश्यकता है, तो यह महत्वपूर्ण है कि आप इसे सुरक्षित तरीके से करें। असुरक्षित तरीके से प्रयोग तथा संभाल, परिवहन या भंडारण से गंभीर सुरक्षा जोखिम उत्पन्न हो सकते हैं।

और अधिक जानकारी के लिए ईंधन के सुरक्षित प्रयोग तथा संभाल, और भंडारण पेज़ पर जाएं।

उपलब्ध सहायता

ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने घर-परिवारों, परिवहन संचालकों और व्यवसायों को ईंधन लागत के दबाव और वैश्विक व्यवधानों से निपटने में मदद करने के लिए अल्प-कालिक राहत का एक समन्वित पैकेज प्रस्तुत किया है। इसमें शामिल हैं:

- ईंधन उत्पाद शुल्क में अस्थायी कमी जिससे प्रति लीटर 32 सेंट तक की बचत होगी
- हेवी व्हीकल रोड यूजर चार्ज में कमी के माध्यम से माल ढुलाई संचालकों को राहत
- बचत को आगे पहुंचाना सुनिश्चित करने के लिए ACCC की निगरानी।
- अतिरिक्त सहायता में व्यावसायिक अनुकूलनशीलता को मजबूत बनाने के लिए त्वरित रियायती धन-राशि और इस अवधि के दौरान छोटे व्यवसायों को नकदी प्रवाह प्रबंधित करने में मदद करने के लिए लक्षित कर और ऋण राहत शामिल है।

अतिरिक्त जानकारी

- ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने पेट्रोल, डीजल या जेट ईंधन के उपयोग पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है।
- पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों के साथ, ईंधन के उपयोग को कम करना कुछ उपभोक्ताओं के लिए आर्थिक दृष्टि से समझबूझ से उठाया गया एक कदम हो सकता है। वैकल्पिक परिवहन का उपयोग करना, जैसे सार्वजनिक परिवहन, कारपूलिंग, साइकिल चलाना या पैदल चलना, या घर से काम करना (वर्किंग फ्राम होम), घर-परिवारों के लिए पैसों की बचत करने का एक तरीका हो सकता है।
- हम समझते हैं कि कुछ लोगों के लिए, विशेष रूप से क्षेत्रीय और दूरदराज (रिज़नल और रिमोर्ट) क्षेत्रों में, कृषि और परिवहन क्षेत्रों के लिए या अत्यावश्यक कर्मचारियों (जैसे कि नर्स, डॉक्टर, टीचर आदि) के लिए, अपने सामान्य पेट्रोल और डीजल उपयोग को बनाए रखना महत्वपूर्ण होता है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए उद्योग के साथ काम करना जारी रखती है कि ईंधन वहाँ पहुँचे जहाँ इसकी आवश्यकता है।
- ईंधन आपूर्ति से संबंधित किसी भी अपराध या जनतक आदेश से जुड़ी समस्याओं की सूचना 000 पर विक्टोरिया पुलिस को दी जानी चाहिए।
- विक्टोरियावासियों को प्रोत्साहित किया जाता है कि वे क्षेत्रों के लिए ईंधन संरक्षित करने में मदद करने के लिए जहाँ भी संभव हो सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें।

ईंधन आपूर्ति पर नवीनतम जानकारी से अपडेट रहने के लिए, vic.gov.au/fuel-supply पर जाएं।